भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3075

06 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत परियोजनाओं के पूर्ण होने की स्थिति

3075. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकरः

डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगेः

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2026 के अंत तक देशभर में स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के अंतर्गत परियोजनाओं के अंतिम रूप से पूरा होने की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार स्थिति क्या है;

(ख) उक्त मिशन के अंतर्गत जुटाया गया कुल निवेश और सौ स्मार्ट शहरों में संचालित एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्रों (आईसीसीसी) की महाराष्ट्र और दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्यक्षेत्र सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) उक्त मिशन की दस साल की कार्यान्वयन अवधि के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार क्या प्रमुख उपलब्धियां और परिवर्तनकारी परिणाम प्राप्त हुए हैं; और

(घ) उक्त मिशन के अंतर्गत विकसित डिजिटल अवसंरचना और नवाचारों को बनाए रखने तथा उनका विस्तार करने की योजना का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के अंतर्गत, 31.03.2026 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1,64,811 करोड़ रुपये की कुल 8,064 परियोजनाएं शुरू की गईं, जिनमें से 1,56,257 करोड़ रुपये की 7,790 परियोजनाएं (कुल परियोजनाओं का 97%) पूरी की जा चुकी हैं।

महाराष्ट्र के साथ-साथ संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में स्मार्ट शहरों सहित सभी 100 स्मार्ट शहरों में एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) स्थापित किए गए हैं।

एससीएम के तहत दावा की गई और उपयोग की गई केंद्रीय वित्तीय सहायता के साथ-साथ परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और शहर-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग) एससीएम की प्रमुख उपलब्धियों तथा परिवर्तनकारी परिणामों में, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित शामिल हैं:

i. अपराध की निगरानी, नागरिक सुरक्षा, परिवहन, अपशिष्ट, जल और आपदा प्रबंधन के कार्यों के लिए 100 एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) स्थापित किए गए;
ii. सार्वजनिक सुरक्षा और संरक्षा: 83,000 से अधिक सीसीटीवी निगरानी कैमरे लगाए गए;
iii. जीवंत सार्वजनिक स्थल: 1,300+ सार्वजनिक-स्थल परियोजनाएं पूरी हुईं, साथ ही 484 विरासत स्थलों के संरक्षण और 58 शहरों में बाजार पुनर्विकास;
iv. जल आपूर्ति: SCADA के माध्यम से 17,000+ किमी जल आपूर्ति नेटवर्क की निगरानी की जाती है, जिससे रिसाव और गैर-राजस्व पानी कम होता है;
v. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन: आईसीसीसी आरएफआईडी-सक्षम अपशिष्ट-संग्रह वाहनों की निगरानी करते हैं, कई शहरों में मार्गों और संग्रह प्रभाविता में सुधार करते हैं;
vi. गतिशीलता: बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए आईसीसीसी के माध्यम से आईटीएमएस तैनाती और निगरानी के साथ 1,700+ किमी की स्मार्ट, सुलभ सड़कों का निर्माण;
vii. सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी): 9,190 करोड़ रुपये की 194 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं।

(घ) एमओएचयूए द्वारा जारी दिनांक 10 जून, 2025 की परामर्शिका संख्या 27 के अनुसार, विशेष प्रयोजन तंत्रों (एसपीवी) को आईसीसीसी का उपयोग शहर परिचालन प्रणाली तथा राज्य विश्लेषणात्मक हब के रूप में करने की सलाह दी गई थी, जिसमें परिचालन नियंत्रण यथासंभव शहरी विकास विभागों के पास बनाए रखा जाए। आईसीसीसी के कार्यों के प्रबंधन के लिए एसपीवी सर्विस-लिंक्ड राजस्व प्राप्त कर सकते हैं। राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों को मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली संबंधित उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समितियों (एचपीएससी) के माध्यम से शहरी क्षेत्र की प्राथमिकताओं को चिह्नित करने तथा उन क्षेत्रों की मैपिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, जहाँ एसपीवी कार्यनीतिक भूमिका निभाना जारी रख सकते हैं। इसके अतिरिक्त, एमओएचयूए ने आईसीसीसी को नगरपालिकीय प्रशासन के अंतर्गत लाइन विभागों के एकीकरण की दिशा में प्रोत्साहित किया है तथा आईसीसीसी को शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के लाइन विभागों को सेवाएँ प्रदान करने की भी अनुशंसा की है।

*****

अनुलग्नक

स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत परियोजनाओं के पूर्ण होने की स्थिति के विषय में दिनांक 06 अगस्त, 2026 को लोकसभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 3075 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

एससीएम के अंतर्गत दावा की गई और उपयोग की गई केंद्रीय वित्तीय सहायता के साथ-साथ परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और शहर-वार विवरण:

(राशि करोड़ रुपए में)

क्रम संख्या	शहर का नाम	राज्य का नाम	भारत सरकार की निधियों की स्थिति		कुल परियोजनाएं		पूर्ण परियोजनाएं	
			दावा की गई भारत सरकार की निधि	उपयोग की गई भारत सरकार की निधि	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत
1	पोर्ट ब्लेयर	अंडमान निकोबार द्वीप समूह	306	245	18	511	9	72
2	अमरावती	आंध्र प्रदेश	488	488	19	903	14	746
3	काकीनाडा	आंध्र प्रदेश	490	485	92	1,908	80	1,731
4	तिरुपति	आंध्र प्रदेश	392	388	104	2,083	92	1,649
5	विशाखापत्तनम	आंध्र प्रदेश	490	479	65	1,695	63	1,613
6	ईटानगर	अरुणाचल प्रदेश	488	409	32	521	25	422
7	पासीघाट	अरुणाचल प्रदेश	490	486	43	512	41	458
8	गुवाहाटी	असम	490	490	21	755	21	755
9	भागलपुर	बिहार	490	486	27	1,504	26	1,494
10	बिहारशरीफ	बिहार	433	418	61	1,449	57	1,252
11	मुजफ्फरपुर	बिहार	490	445	30	860	26	747
12	पटना	बिहार	488	485	34	1,430	34	1,430
13	चंडीगढ़	चंडीगढ़	490	490	97	2,694	97	2,694
14	अटल नगर	छत्तीसगढ़	488	476	52	944	52	944
15	बिलासपुर	छत्तीसगढ़	429	403	126	1,765	118	1,605

क्रम संख्या	शहर का नाम	राज्य का नाम	भारत सरकार की निधियों की स्थिति		कुल परियोजनाएं		पूर्ण परियोजनाएं	
			दावा की गई भारत सरकार की निधि	उपयोग की गई भारत सरकार की निधि	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत
16	रायपुर	छत्तीसगढ़	453	453	342	1,745	337	1,696
17	सिलवासा	दादरा और नगर हवेली	392	389	29	853	14	432
18	दीव	दमन और दीव	386	386	52	1,148	43	1,093
19	एनडीएमसी	दिल्ली	343	317	127	997	121	884
20	पणजी	गोवा	490	470	51	1,051	50	1,043
21	अहमदाबाद	गुजरात	490	490	70	2,655	69	2,626
22	दाहोद	गुजरात	417	414	36	984	36	984
23	गांधीनगर	गुजरात	490	463	43	1,046	42	846
24	राजकोट	गुजरात	490	490	71	2,184	71	2,184
25	सूरत	गुजरात	490	490	87	2,694	87	2,694
26	वडोदरा	गुजरात	490	489	52	1,943	52	1,943
27	फरीदाबाद	हरियाणा	490	490	44	929	35	763
28	करनाल	हरियाणा	490	432	117	1,207	105	801
29	धर्मशाला	हिमाचल प्रदेश	490	477	80	656	77	611
30	शिमला	हिमाचल प्रदेश	488	478	211	896	208	840
31	जम्मू	जम्मू और कश्मीर	489	459	127	2,969	125	2,940
32	श्रीनगर	जम्मू और कश्मीर	452	452	161	3,634	157	3,532
33	रांची	झारखंड	490	490	26	1,847	26	1,847
34	बेलगावी	कर्नाटक	490	490	217	2,780	212	2,722
35	बेंगलुरु	कर्नाटक	488	456	57	1,054	56	1,031
36	दावणगेरे	कर्नाटक	490	490	128	1,976	127	1,947
37	हुबली-धारवाड़	कर्नाटक	490	444	81	1,950	79	1,835
38	मंगलुरु	कर्नाटक	490	457	105	2,579	98	2,484
39	शिवमोग्गा	कर्नाटक	490	490	112	1,381	112	1,381
40	तुमकुरु	कर्नाटक	490	490	217	2,099	217	2,099

क्रम संख्या	शहर का नाम	राज्य का नाम	भारत सरकार की निधियों की स्थिति		कुल परियोजनाएं		पूर्ण परियोजनाएं	
			दावा की गई भारत सरकार की निधि	उपयोग की गई भारत सरकार की निधि	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत
41	कोच्चि	केरल	490	490	98	1,761	96	1,734
42	तिरुवनंतपुरम	केरल	488	488	79	1,242	77	1,179
43	कवरत्ती	लक्षद्वीप	183	45	12	289	8	11
44	भोपाल	मध्य प्रदेश	490	490	82	2,791	82	2,791
45	ग्वालियर	मध्य प्रदेश	490	490	84	1,633	81	1,416
46	इंदौर	मध्य प्रदेश	490	490	231	3,751	231	3,751
47	जबलपुर	मध्य प्रदेश	490	490	130	2,197	130	2,197
48	सागर	मध्य प्रदेश	490	489	80	1,782	78	1,607
49	सतना	मध्य प्रदेश	490	483	86	1,363	83	1,262
50	उज्जैन	मध्य प्रदेश	490	490	95	1,613	93	1,589
51	औरंगाबाद	महाराष्ट्र	490	490	47	2,835	45	2,690
52	कल्याण-डोंबिवली	महाराष्ट्र	490	490	19	1,245	16	721
53	नागपुर	महाराष्ट्र	490	490	47	1,768	40	1,588
54	नासिक	महाराष्ट्र	444	444	53	3,197	52	3,026
55	पिंपरी-चिंचवाड़	महाराष्ट्र	490	490	25	1,304	24	1,172
56	पुणे	महाराष्ट्र	490	490	55	3,333	55	3,333
57	सोलापुर	महाराष्ट्र	490	490	49	1,587	49	1,587
58	ठाणे	महाराष्ट्र	490	490	52	1,712	50	1,402
59	इंफाल	मणिपुर	398	348	27	513	23	346
60	शिलांग	मेघालय	490	445	13	517	10	453
61	आइजोल	मिजोरम	490	431	45	508	33	290
62	कोहिमा	नागालैंड	490	477	40	689	40	689
63	भुवनेश्वर	ओडिशा	490	490	32	2,072	31	2,057
64	राउरकेला	ओडिशा	490	490	75	1,517	73	1,370
65	पुडुचेरी	पुडुचेरी	343	338	80	595	70	328
66	अमृतसर	पंजाब	490	484	44	1,911	42	1,805

क्रम संख्या	शहर का नाम	राज्य का नाम	भारत सरकार की निधियों की स्थिति		कुल परियोजनाएं		पूर्ण परियोजनाएं	
			दावा की गई भारत सरकार की निधि	उपयोग की गई भारत सरकार की निधि	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत
67	जालंधर	पंजाब	490	445	78	1,186	74	1,023
68	लुधियाना	पंजाब	490	490	82	1,389	74	1,320
69	अजमेर	राजस्थान	490	490	179	2,224	178	2,209
70	जयपुर	राजस्थान	490	484	170	2,545	168	2,483
71	कोटा	राजस्थान	490	484	87	2,154	86	2,139
72	उदयपुर	राजस्थान	490	490	143	1,717	143	1,717
73	गंगटोक	सिक्किम	488	447	29	744	28	735
74	नामची	सिक्किम	490	464	26	917	24	781
75	चेन्नई	तमिलनाडु	490	490	49	1,104	48	1,097
76	कोयंबटूर	तमिलनाडु	490	490	72	1,455	72	1,455
77	इरोड़	तमिलनाडु	490	486	55	1,304	55	1,304
78	मदुरै	तमिलनाडु	490	490	16	1,900	16	1,900
79	सलेम	तमिलनाडु	490	490	114	1,861	114	1,861
80	तंजावुर	तमिलनाडु	490	488	103	996	102	989
81	थूथुकुडी	तमिलनाडु	490	482	75	1,038	75	1,038
82	तिरुचिरापल्ली	तमिलनाडु	490	489	83	1,548	83	1,548
83	तिरुनेलवेली	तमिलनाडु	490	480	81	1,817	81	1,817
84	तिरुपुर	तमिलनाडु	490	489	28	2,833	28	2,833
85	वेल्लोर	तमिलनाडु	490	489	53	2,096	52	2,083
86	ग्रेटर वारंगल	तेलंगाना	377	377	119	1,800	103	1,499
87	करीमनगर	तेलंगाना	429	429	49	1,094	40	1,022
88	अगरतला	त्रिपुरा	490	490	77	808	77	808
89	आगरा	उत्तर प्रदेश	490	490	62	2,369	62	2,369
90	अलीगढ़	उत्तर प्रदेश	490	490	52	1,830	51	1,730
91	बरेली	उत्तर प्रदेश	490	485	88	1,476	88	1,476
92	झांसी	उत्तर प्रदेश	490	490	78	1,868	78	1,868

क्रम संख्या	शहर का नाम	राज्य का नाम	भारत सरकार की निधियों की स्थिति		कुल परियोजनाएं		पूर्ण परियोजनाएं	
			दावा की गई भारत सरकार की निधि	उपयोग की गई भारत सरकार की निधि	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत
93	कानपुर	उत्तर प्रदेश	490	489	91	3,060	91	3,060
94	लखनऊ	उत्तर प्रदेश	490	490	103	2,126	102	2,115
95	मुरादाबाद	उत्तर प्रदेश	490	490	41	1,503	41	1,503
96	प्रयागराज	उत्तर प्रदेश	490	489	146	2,295	145	2,250
97	सहारनपुर	उत्तर प्रदेश	490	489	115	1,292	114	1,245
98	वाराणसी	उत्तर प्रदेश	490	490	117	3,342	117	3,342
99	देहरादून	उत्तराखंड	490	484	33	1,144	32	939
100	न्यू टाउन कोलकाता	पश्चिम बंगाल	490	487	226	1,460	225	1,435
	कुल		**47,320**	**46,254**	**8,064**	**1,64,811**	**7,790**	**1,56,257**
	गैर-चयनित स्मार्ट सिटी		18	18				
	सुल्तानपुर लोधी		120	105				
	कुल योग		**47,458**	**46,377**				

*(31.03.2026 तक राज्यों/*संघ राज्य क्षेत्रों*/स्मार्ट सिटी मिशन द्वारा* दी गई जानकरी के अनुसार*)*

******